प्रादेशिक समाचार
दिनांक–23.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज सदन में चालू वित्तीय वर्ष का पूर्ण बजट करेंगी पेश।
2. सरकार ने कहा– हाल के वर्षों में बेरोजगारी दर में गिरावट और विकास दर में तेजी आयी है।
3. सुप्रीम कोर्ट ने नीट में पूछे गये एक विवादित प्रश्न के जवाब की जांच का जिम्मा आईआईटी दिल्ली को सौंपा, शीर्ष अदालत ने आज 12 बजे तक मांगी रिपोर्ट।
4. राज्यभर में आज से मानसून सक्रिय, मौसम विभाग के अनुसार तीन दिन भारी बारिश का अनुमान।

****

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज 11 बजे लोकसभा में वित्त वर्ष 2024–25 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। इससे पहले कल दोनों सदनों में वित्त वर्ष 2023–24 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया, जिसमें देश के आर्थिक प्रदर्शन की समीक्षा की गई है।

****

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हुआ। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा और राज्यसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2023–24 पेश किया। इसके अनुसार जहां वैश्विक स्तर पर राजकोषीय घाटा और ऋण का बोझ बढ़ता जा रहा है वहीं भारत में राजकोषीय स्थिरता की प्रक्रिया बनी हुई है। केन्द्र सरकार 2023 के राजकोषीय घाटे को छह दशमलव चार प्रतिशत से घटाकर 2025 में सकल घरेलू उत्पाद के पांच दशमलव छह प्रतिशत तक ले आई। वित्त वर्ष 2024–25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साढ़े छह से सात प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ० वी० अनंत नागेश्वरन ने बताया कि अर्थव्यवस्था में वृद्धि की रफ्तार बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र का आने वाले वर्षों में अच्छा कामकाज रहेगा। डॉ० नागेश्वरन ने बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था को 2030 तक कृषि से इत्तर क्षेत्रों में हर वर्ष लगभग अठत्तर लाख से अधिक रोजगार सृजित होंगे।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इस बार का बजट अमृतकाल का महत्वपूर्ण बजट होगा। श्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने फैसला दे दिया है और सभी राजनीतिक दलों को मिलकर अगले पांच वर्ष के लिए देश के लिए खड़ा होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जनता को दी गई गारंटी को लागू करने की दिशा में काम कर रही है।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी दिल्ली से इस साल की मेडिकल प्रवेश परीक्षा–नीट में भौतिकी के प्रश्न के दो विकल्पों को सही उत्तर मानने के राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के फैसले पर अपनी राय देने के लिए एक विशेषज्ञ पैनल बनाने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने विशेषज्ञ टीम को आज दोपहर 12 बजे तक शीर्ष अदालत के रजिस्ट्रार को अपनी रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। नीट–यूजी परीक्षा के संचालन में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाओं के समूह में भौतिकी के एक विवादास्पद प्रश्न के लिए ग्रेस अंक देने पर सवाल उठाया था। इसमें कहा गया है कि 44 उम्मीदवारों को अस्पष्ट प्रश्न के कारण पूर्ण अंक मिले थे। याचिका कर्ताओं ने तर्क दिया कि एनटीए का प्रतिपूरक अंक देने का निर्णय उसके अपने निर्देश के खिलाफ है, जिसमें छात्रों को नवीनतम एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक का पालन करने के लिए कहा गया है। इस मामले में आज दोबारा सुनवाई होगी।

****

गोड्डा जिले के महागामा हनवाड़ा और बसंतराय में मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कई विकास योजनाओं का शिलान्यास किया है। उन्होंने कहा है कि कई स्थानों पर सड़क मरम्मती का काम भी कराया जाएगा। मंत्री ने कहा कि लगातार क्षेत्र के विकास पर काम किया जा रहा है।

****

जामताड़ा जिले में श्रावण मास की शुरूआत होते ही मंदिरों में शिवभक्तों की भीड़ देखी जा रही है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज प्रोजेक्ट भवन सभागार में सहायक नगर निवेशक, कनीय अभियंता, स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर, खान निरीक्षक सहित कई पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट सभागार में दोपहर दो बजे से किया गया है। इस मौके पर जल संसाधन मंत्री चंपाई सोरेन, श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

****

झारखंड में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में हल्के और मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कई जिलों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश का अनुमान। आज कोल्हान और रांची के आसपास में कई स्थानों पर भी भारी बारिश हो सकती है। 25 जुलाई को राज्य के उत्तर–पूर्वी तथा दक्षिणी–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है। झारखंड में अभी सामान्य से आधी बारिश ही हुई है।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित होने वाले प्रमुख अखबारों ने आज आर्थिक सर्वेक्षण की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर की हेडलाइन है– आर्थिक वृद्धि दर 2024–25 में सात प्रतिशत तक रहने का अनुमान।

हिन्दुस्तान ने लिखा है–साहिबगंज में 88 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन–शिलान्यास, मुख्यमंत्री ने कहा–महिलाओं को सम्मान राशि के लिए लगेंगे कैंप।

दैनिक जागरण लिखता है– एएसआई की मौत के बाद रामगढ़ के थाना प्रभारी निलंबित, एसपी विमल भी बदले गए।

दैनिक भास्कर ने पहले पन्ने पर लिखा है – सुप्रीम कोर्ट ने कहा– छात्रों ने दो पेपर सॉल्व किए तो दूसरे की आन्सर की जारी क्यों नहीं की।

और रांची एक्सप्रेस लिखता है– देवघर के बाबा धाम में पहली सोमवारी पर उमड़ा भक्तों का सैलाब।

वहीं अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने भी सुप्रीम कोर्ट में नीट पेपर लीक मामले में हुई सुनवाई की खबर को अपनी सुर्खी बनाई है।

****